प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

0000

24.09.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि डिजिटल बुनियादी ढांचा व्यवधान नहीं बल्कि विश्व को जोड़ने वाले पुल की तरह होना चाहिए। कल संयुक्त राष्ट्र महासभा में समिट ऑफ द फ्यूचर के अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि वैश्विक हित के लिए भारत अपना डिजिटल बुनियादी ढांचा साझा करने को तैयार है। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी के सुरक्षित और उत्तरदायी उपयोग के लिए संतुलित नियमन आवश्यक है।

लोकसभा अध्यक्ष

.लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विधायिकाओं की दक्षता और कामकाज में सुधार के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग पर जोर दिया है। कल नई दिल्ली में शुरू हुए दो दिवसीय 10वें राष्ट्रमंडल संसदीय संघ–सीपीए भारत क्षेत्र सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बात कही। बिरला ने विधायी निकायों से विभिन्न मंचों पर चर्चा करने और प्रौद्योगिकी के माध्यम से समाज के उत्थान के लिए कल्याणकारी योजनाओं को तैयार करने के महत्व को रेखांकित किया। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के विधान मंडलों के 46 पीठासीन अधिकारी, 25 अध्यक्ष और 14 उपाध्यक्ष सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। सम्मेलन का विषय ”सतत और समावेशी विकास प्राप्त करने में विधायी निकायों की भूमिका“ है।

राज्यपाल

प्रदेश में इन दिनों स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल आज स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत शिमला के फागू में स्वच्छ भारत दिवस समारोह में शामिल होंगे। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि इस दौरान राज्यपाल पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ वार्तालाप करेंगे। इसके अलावा वे उपस्थित

लोगों को स्वच्छता शपथ दिलाएंगे और स्वास्थ्य जांच शिविर व पौधारोपण अभियान का शुभारंभ करेंगे। उन्होंने बताया कि इस दौरान राज्यपाल सफाई अभियान में भी शामिल होंगे।

इस बीच कल चम्बा जिला की जनजातीय पांगी घाटी की सुराल वैली में क्लीन सुराल ग्रीन सुराल के नाम से एक मुहिम चलाई गई जिसका थीम प्लास्टिक फ्री सुराल है। इस अभियान के तहत लगभग 40 स्वयंसेवियो ने घरों से प्लास्टिक इकट्ठा किया। इस अभियान में युवाओं ने बढ़–चढ़कर भाग लिया।

फ्लाइंग फेस्टिवल

शिमला के जुन्गा में फ्लाइंग फेस्टिवल 16 से 19 अक्तूबर तक आयोजित किया जा रहा है। उपायुक्त अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में कल इस संबंध में बैठक आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता का दूसरी बार आयोजन हो रहा है, जिसमें दुनियाभर से प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। उपायुक्त ने सम्बंधित सभी अधिकारियों को इस दौरान आने वाले प्रतिभागियों और पर्यटकों की सुविधा के लिए आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने पुलिस विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को सुचारु व्यवस्था को सुनिश्चित बनाने के भी निर्देश दिए।

केंद्रीय विश्वविद्यालय

केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के कुलपति सत प्रकाश बंसल ने कहा कि जल्द ही केंद्रीय विश्वविद्यालय ऐसे 10 गांवों को गोद लेगा जिसमें से 10 युवाओं को पर्यटन के साथ जोड़ने के लिए जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कल केंद्रीय विश्वविद्यालय के पर्यटन, यात्रा एवं आतिथ्य प्रबधन स्कूल के पर्यटन सप्ताह के उद्घाटन समारोह के दौरान कहा कि इन युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार से संबंधित प्रशिक्षण केंद्रीय विश्वविद्यालय देगा। इसके लिए तीन से 6 माह की अवधि में सर्टिफिकेट और डिप्लोमा कोर्स शुरू किया जाएगा।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज भी मौसम साफ बना हुआ है। बीते दिनों से खिली धूप के चलते अधिकतम तापमान में भी वृद्धि हुई है। जबकि

मैदानी भागों में उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार कल से फिर मॉनसून के सक्रिय होने की संभावना है। विभाग ने इस दौरान भारी बारिश होने का येलो अलर्ट जारी किया है।

<u>और अब सुर्खिया समाचार पत्रों से ....</u>

आज सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। **दिव्य हिमाचल** ने लिखा है **शानन प्रोजेक्ट पर हिमाचल का पंजाब को झटका। दैनिक भास्कर** के शब्द हैं **शानन के स्वामित्व संबंधी याचिका रदद करने के आवेदन पर सुप्रीम कोर्ट का पंजाब सरकार को नोटिस। दैनिक जागरण** ने लिखा है **शानन प्रोजेक्ट विवाद में सुप्रीम कोर्ट पहुंचा हिमाचल। पंजाब केसरी** का कहना है **हिमाचल सरकार के आवेदन पर पंजाब सरकार को नोटिस। दैनिक सवेरा टाइम्स** के अनुसार **शानन प्रोजेक्ट पर पहले हिमाचल की अर्जी पर सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट।**

पूर्व डी जी पी कुंडू समेत 10 पुलिस अफसरों के खिलाफ एफ आई आर दैनिक भास्कर की एक खबर है। **अमर उजाला** के शब्द हैं **पुलिस कर्मचारी को नौकरी से निकालने और जातीय आधार पर प्रताड़ना के आरोप।**

हिमाचल दस्तक के अनुसार **सीएम सुक्खू की सेहत में सुधार, आज ओकओवर में निपटाएंगे जरूरी फाइलें। पंजाब केसरी** ने लिखा है **मुख्यमंत्री के स्वास्थ्य में तेजी से हो रहा सुधार।**

मौसम की खबर को **हिमाचल दस्तक** ने शीर्षक दिया है **प्रदेश में कल से फिर सक्रिय होगा मॉनसून। दैनिक जागरण** के शब्द हैं **30 वर्ष बाद शिमला में सितंबर में सबसे गर्म दिन रहा सोमवार।**